हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप-सी के 13 ग्रुपों की आज जारी करेगा 4 गुना उम्मीदवारों की सूची

● डार्क रूम अटेंडैंट के 3 पदों के लिए 46000 ने आवेदन किया, आयोग ने 15 उम्मीदवारों को बुलाया

डॉ. सुरेंद्र धीमान/सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 14 जून : हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी के 13 ग्रुपों के लिए चार गुना उम्मीदवारों की सूची वीरवार को जारी करेगा। डार्क रूम अटैंडैंट के 3 पदों के लिए लगभग 46000 ने आवेदन किया है मगर आयोग ने इन तीन पदों के लिए 15 उम्मीदवारों को बुलाया है। इस पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, हिंदी की जानकारी और 10वीं तक फिजिक्स एवं कैमिस्ट्री विषय तय है। इसलिए सीईटी पास कर चुके 46000 उम्मीदवारों ने आवदेन किया है चूंकि आयोग ने पब्लिक नोटिस में 13 ग्रुपों की लिखित परीक्षा के लिए सभी आवेदकों को बुलाने की सूचना दी थी इसलिए डार्क रूम अटैंडैंट के लिए काफी उम्मीदवारों ने बुधवार को दैनिक सवेरा के पास सूचना भेजी कि इन पदों के लिए सीईटी के नियमानुसार ही उम्मीदवारों को बुलाया जाना चाहिए, न कि सभी आवेदकों को। यह जानकारी दैनिक सवेरा ने आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी को भेजी और जानकारी मांगी। अध्यक्ष ने बताया कि जिन 13 ग्रुपों के पदों के लिए लिखित परीक्षा का शेड्यूल जारी हो चुका है, उनमें से ग्रुप संख्या 49 में लैबोरेटरी असिसटैंट, लैबोरेटरी टैक्नीशियन, डार्क रूम अटैंडैंट, ईसीजी टैक्नीशियन के पद शामिल हैं। इनमें 12वीं और फिजिक्स-कैमिस्ट्री विषय शैक्षणिक योग्यता है। डार्क रूम अटैंडैंट के 3 पदों के लिए लगभग 46000 ने आवेदन किया है मगर आयोग ने 15 को बुलाया है। इसलिए इन 15 की सूची वीरवार को सार्वजनिक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रुप 49 के 2 और पद हैं, जिनके लिए पदों की संख्या कम और आवेदकों की संख्या ज्यादा है। इसलिए उनकी सूची भी वीरवार को जारी कर दी जाएगी। अन्य सभी ग्रुपों के पदों के लिए न्यूनतम चार गुना उम्मीदवार भी नहीं है। इसलिए उन सभी आवेदकों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया है। यह जानकारी भी वीरवार को सार्वजनिक कर दी जाएगी।

दैनिक सवेरा
एक्सक्लूसिव

टीजीटी के लिए पोर्टल में 2-3 दिन लगेंगे, डाक्यूमैंट वैरीफिकेशन का नोटिस जल्द जारी होगा

आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी से दैनिक सवेरा ने पूछा कि टीजीटी के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक छोड़ने के लिए पोर्टल मंगलवार 13 जून तक खोलना था मगर वह चालू नहीं हुआ तो अध्यक्ष ने कहा कि पोर्टल का ट्रायल चल रहा है। 2-3 दिन में यह पोर्टल चालू कर दिया जाएगा। दैनिक सवेरा ने पूछा कि टीजीटी के लिए दस्तावेज जांच का शेड्यूल कब तक जारी होगा? अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि यह शेड्यूल भी जल्द जारी हो जाएगा। प्रयास होगा कि पोर्टल खोलने के बाद दस्तावेज जांच का शैड्यूल जारी कर दिया जाए। दैनिक सवेरा ने पूछा कि टीजीटी की भर्ती कब तक पूरी होने की संभावना है? अध्यक्ष ने कहा कि प्रयास है कि 30 जून तक दस्तावेज जांच तो पूरी हो जाए। उसके बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

टीजीटी की आंसर-की आज या कल अपलोड हो सकती है, होम साइंस को छोड़ अन्य में मिलंगे एक-एक, दो-दो अंक

आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि टीजीटी पदों की फाइनल आंसर-की एक-दो दिन में अपलोड कर दी जाएगी। होम साइंस में कोई भी उत्तर गलत नहीं था। अन्य सभी कैटेगरी में एक-एक, दो-दो अंक मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट को आयोग ने तीन कैटेगरी में प्रश्नों के उत्तर भेजे थे। पहली कैटेगरी में कहा था कि संशय का लाभ सभी उम्मीदवारों को मिलना चाहिए, दूसरी कैटेगरी में कहा था कि उत्तर बदल दिया जाए और तीसरी कैटेगरी में कहा था कि जो उत्तर संदिग्ध हैं, उन्हें बदल दिया जाए। एक्सपर्ट से आंसर की आ गई है और यह कभी भी अपलोड हो सकती है।

कुल पदों की संख्या का दो गुना से ज्यादा उम्मीदवारों को दस्तावेज जांच के लिए बुलाया जाएगा

अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि दस्तावेज जांच के लिए कुल पदों की संख्या का दो गुना से ज्यादा उम्मीदवारों को दस्तावेज जांच के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मान लो किसी कैटेगरी में पदों की संख्या 100 है तो दो गुना संख्या 200 बनती है। इसके लिए कट ऑफ मार्क्स 55 है तो 5 अंक घटाकर 50 अंकों से ऊपर वाले सभी उम्मीदवारों को दस्तावेज जांच के लिए बुला लिया जाएगा ताकि भविष्य में कोई उम्मीवार यह न कह सके कि सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंकों के कारण उसे नहीं बुलाया। दस्तावेज जांच के बाद मेरिट आधार पर फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा।

फाइन आर्ट्स के 1700 पद, 527 आवेदक

आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि टीजीटी फाइन आर्ट्स के 1700 पद हैं जबकि 527 आवेदक हैं। जो न्यूनतम अंक पास करेंगे, उन्हें दस्तावेज जांच के लिए बुलाया जाएगा।

.. और पुलिस सिपाही के 6000 पदों के भर्ती नियम अभी तक नहीं पहुंचे

हरियाणा सरकार का काम कितनी तेजी से चल रहा है, इसका नमूना हरियाणा पुलिस में पुरुष सिपाही के 5000 और महिला सिपाही के 1000 पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया है। हरियाणा सरकार को पुलिस भर्ती नियमों में संशोधन करना है। यह संशोधन मामूली सा है मगर कई महीने से यह संशोधन नहीं हो रहा है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इन संशोधित नियमों का इंतजार कर रहा है ताकि पदों का विज्ञापन जारी हो सके। पुलिस भर्ती के इच्छुक युवा इंतजार कर रहे हैं मगर तेजी से भर्ती प्रक्रिया करने का दावा करने वाली सरकार नियमों में ही संशोधन नहीं कर पा रही है।

Scanned with OKEN Scanner